ग्वालियर ज़िले में अंतर्राष्ट्रीय डांस कार्निवाल की शुरुआत

चर्चा में क्यों?

29 अक्टूबर, 2022 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर ज़िले में पाँच दिवसीय उद्भव इंटरनेशनल डांस फेस्टिवल की शुरुआत हुई। इसमें भारत सहित पाँच देशों से 700 से ज्यादा कलाकार प्रस्तुति देंगे।

प्रमुख बिंदु

- इस अंतर्राष्ट्रीय डांस कार्निवाल में भारत सहित ताईवान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान और श्रीलंका की 30 टीमें शामिल हुई हैं।
- ग्वालियर के फूलबाग मैदान से कार्निवाल शुरू हुआ, जिसमें भारत सहित पाँच देशों के कलाकारों ने मार्च निकाला। इस दौरान शहर के चौराहों पर ताईवान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान और श्रीलंका के कलाकारों ने अपने देशों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।
- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए ताइवान के राजदूत बौशुआन गेर ने कहा कि भारत और ताइवान संस्कृति और शिक्षा के कई कार्यक्रम कर रहे हैं, दोनों देशों के कलाकार एक-दूसरे देशों में जाकर बहुत कुछ सीख रहे हैं और अब कोविड के बाद पहली बार ताईवान की टीम भारत आकर खुश है।
- ताइवानी कलाकारों ने कहा कि भारत की संस्कृति समृद्ध है, वहीं ताइवान के कल्चर से बहुत अलग है, यही वजह है कि भारत में आने के बाद उनको बहुत कुछ सीखने-जानने को मिलेगा।
- कश्मीरी कलाकारों ने कहा कि वो पहली बार ग्वालियर में कश्मीरी लोक संस्कृति की प्रस्तुतियाँ देने आए हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-dance-carnival-begins-in-gwalior-district